वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषक:

पत्रांक:पू0वि0वि0/शाप./03 36(3)/2010/2218

कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल
विश्वविद्यालय
जौनपुर।

दिनांक 25-2-2010

सेवा में,

प्रबन्धक
संत लखनदास (नागाबाबा) पचोतर महाविद्यालय,
तपेश्वरी नगर, मरदह, गाजीपुर।

विषयः— संत लखनदास (नागाबाबा) पचोतर महाविद्यालय, तपेश्वरी नगर, मरदह, गाजीपुर में स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में चयनित विभागाध्यक्ष के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र दिनांक— 16.11.2009 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सन्दर्भ में सूचित करना है कि चयन समिति द्वारा की गयी संस्तुति, एवं आप द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखो के आधार पर विचारोपरान्त कुलपति महोदय ने डॉ0 संदीप कुमार राय पुत्र श्री राम गोविन्द राय जन्म तिथि 14.07.1978 को शासनादेश दिनांक 09 मई 2000 एवं 12 अगस्त, 2008 के आलोक में स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत 3 अथवा 5 वर्ष की संविदा के आधार पर विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किए जाने हेतु अपनी अनुमति प्रदान कर दी है। महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों में यदि कोई तथ्यात्मक त्रुटि पायी गयी तो उसके लिए महाविद्यालय प्रशासन जिम्मेदार होगा।

अतः उपरोक्त को सुसंगत शासनादेशों के आलोक में नियुक्ति पत्र निर्गत कर, नियुक्ति पत्र की प्रति एवं संविदा पत्र की प्रति अभ्यर्थी एवं प्रबन्धक के स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित अभिलेख हेतु विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायें तथा इसके साथ यह भी सूच्य है कि अनुबन्ध पत्र में उनको दिये जाने वाले वेतन आदि का स्पष्ट उल्लेख हो, विभागाध्यक्ष/प्रवक्ताओं के लिए अंशदायी भविष्य निधि (कान्ट्रीब्यूटरी प्राविडेण्ट फण्ड) अनिवार्य रूप से लागू किया जाय तथा वेतन एकाउन्टपेयी चेक द्वारा ही भुगतान किया जाय।

भवदीय,

25/2/2010

कुलसचिव

प्रबन्धक
संत लखनदास (नागा बाबा) पचोतर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
तपेश्वरी नगर, मरदह – गाजीपुर